## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

(रक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक उद्यम)

विज्ञापन सं.12949/मा. सं./गैड/एडीवी/2026/01 दिनांक: **09.04.2026**

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) एक नवरत्न कंपनी और सार्वजनिक क्षेत्र की एक प्रमुख व्यावसायिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जो सैन्य एवं गैर सैन्य रडार, नौसेना प्रणाली, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स, हथियार और अग्नि नियंत्रण संचार, होमलैंड सुरक्षा, सामरिक संचार और मानव रहित प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्राणाली, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स आदि के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पादों का नीर्माण करती है।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, को अपने गाजियाबाद कॉम्प्लेक्स में एनसीएस एसबीयू के लिए एक सलाहकार की आवश्यकता है:

| पद | पदों की संख्या | आवश्यक विशेषज्ञता | दिनांक 01.04.2026 तक अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| सलाहकार (अनुसंधान एवं विकास) | 01 | सलाहकार एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी (सरकार/पीएसयू/अनुसंधान संगठनों और प्रयोगशालाओं से) होने चाहिए वेतनस्तर 14 या उससे अधिक तथा जिसे निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव हो -<br>1. थियेटरीकरण और नेटवर्क केंद्रित युद्धक विशेषज्ञ.<br>2. एकीकृत रक्षा बलों में विशेषज्ञता।<br>3. नेटवर्क-सक्षम मल्टी-डोमेन एकीकरण में विशेषज्ञ। | 65 वर्ष |

नोट-योग्य अभियार्थियों के लिए उपरोक्त पात्रता मानदंडों में छूट पर विचार प्रबंधन अनुमोदन के अधीन है।

## 1.0 कार्य दायित्व:

सलाहकार सशस्त्र बलों की यूनिटों/मुख्यालय स्तरों पर नए उत्पादो को प्रस्तुत करने में विशेषज्ञ होंगे। उन्हें यूनिटों या मुख्यालय स्तरों पर संचालन, परीक्षण, प्रशिक्षण और उपकरणों के वैधीकरण का कार्य संभालना होगा। उम्मीदवार के पास कई यूनिटों में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए और उन्हें क्रॉस-डोमेन विशेषज्ञता होनी चाहिए। उन्होंने कम से कम एक मेगा परियोजना को निष्पादित किया हो।

सलाहकार भारतीय सशस्त्र बलों में उपयुक्त स्तरों के साथ निकट संपर्क बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होंगे। अनुसंधान एवं विकास सलाहकार के लिए निम्नलिखित भूमिकाएँ अपेक्षित है -

▪ • व्यवसाय के विकास और इंटेलिजेंस  के नए अवसर प्रदान करें।

▪ प्रमुख क्षेत्रों में मार्गदर्शन प्रदान करना और इन हाउस  डिज़ाइन एवं विकास, उत्पादन और जाँच टीमों के  परामर्शदाता की भूमिका का निर्वाह करना ।

• सक्रिय व्यावसायिक विकास के लिए निर्दिष्ट बीईएल और अन्य संस्थाओं की विपणन/वाणिज्यिक टीमों के साथ मिलकर काम करना ।

▪ नेटवर्क केंद्रित युद्धक प्रणालियों और उनत  बहु-डोमेन प्रणालियों के भविष्य और अग्रिम विशेषताओं पर विशेषज्ञ सलाह प्रदान करें।

• निर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए सशस्त्र बलों के मुख्यालय/यूनिटों के साथ संपर्क बनाए रखना ।

**2.0** **नियुक्ति की शर्ते एवं भत्ते:**

2.1 नियुक्ति अनुसंधान एवं विकास श्रेणी के तहत की जाएगी तथा वह बीईएल में निदेशक (अन्य यूनिटें) को रिपोर्ट करेंगे।

2.2 नियोजन की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी जिसे वर्ष-दर-वर्ष अधिकतम 8 वर्ष या पदधारी की आयु 68 वर्ष होने तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है। बहरहाल, सलाहकारों की अवधि का विस्तार व्यवसायिक आवश्यकता पर निर्भर होगा । निर्धारित अवधि पूरा होने पर नियोजन की अवधि समाप्त हो जाएगी।

**3.0** **कार्य प्रणाली :**

व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने और यथा उल्लिखित आवश्यक कार्यात्मक/डोमेन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए सलाहकार या तो यूनिट/कार्यालय/ऑन-साइट स्थान से या निवास से कार्य करेंगे, जिसमें से एक महीने में  न्यूनतम 8 कार्य दिवस यूनिट/कार्यालय/ऑन-साइट स्थान से होंगे।

**4.0** **पारिश्रमिक**

सलाहकार पिछले संगठन से सेवानिवृत्त होने के समय वेतनमान 14 या उससे अधिकतम होना चाहिए ।

4.1 1 वेतनमान समूह 14 और उससे अधिक के सलाहकारों को देय पारिश्रमिक पिछले सरकारी संगठन से अधिवर्षिता के समय लिया गया अंतिम वेतन यानी मूल वेतन होगा।

4.2 विस्तार की स्थिति में, विस्तारित अवधि (अर्थात् एक वर्ष) के लिए पारिश्रमिक अंतिम प्राप्त पारिश्रमिक (वाहन घटक को छोड़ कर) पर 5% बढ़ाया जाएगा।

4.3 यदि सलाहकारों ने सेवानिवृत्ति के बाद अन्य संगठन में कार्य करने का प्रासंगिक अनुभव प्राप्त किया है, तो इस अनुभव को उनके अंतिम प्राप्त वेतन में प्रति वर्ष 5% अतिरिक्त वृद्धि करने के लिए माना जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद के अनुभव के वर्षो की संख्या पर आयु मे छूट के लिए विचार किया जा सकता है ।

4.4 इसका मूल्यांकन सेवानिवृति के बाद बेल की परियोजनाओ के अनुभव की प्रसंगकिता और महत्व के आधार की संतुष्टि के आधार पर किया जाएगा

नोट-क्रम सं. 4.0 में उल्लिखित उपर्युक्त पारिश्रमिक प्रबंधन के अनुमोदन के अधीन होगा।

5.0 चयन प्रक्रिया:

5. 1 विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों को पूरा करने वाले अभियार्थियों को चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
5. 2 अंतिम चयन के परिणाम बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

5. 3 चयनित अभ्यर्थी को नियोजन की अनंतिम प्रस्ताव ईमेल द्वारा जारी किया जाएगा ।

**6.0 वाहन भत्ता :** बीईएल द्वारा वाहन की व्यवस्था करवाई जाएगी । कंपनी वाहन उपयोग न करने की स्थिति में 8,000/- प्रति माह परिवहन प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

**7.0 यात्रा भत्ता / महगाई भत्ता:** सलाहकार अधिवर्षिता के समय अपने ग्रेड (बीईएल के वेतन मान के समान ) के अनुसार भारत के भीतर आधिकारिक यात्रा के लिए यात्रा भत्ता / महगाई भत्ता के हकदार होंगे।

**8.0 आवास:** आधिकारिक दौरे पर उपलब्धता के आधार पर गेस्ट हाउस की व्यवस्था की जाएगी । गेस्ट हाउस उपलब्ध न होने की स्थिति में होटल में ठहरने को बीईएल के यात्रा भत्ते/महगाई भत्ते नियमों के अनुसार (बीईएल के वेतन मान के समान ) नियमित किया जाएगा ।

**9.0 गोपनियता-सह- प्रतिस्पर्धा –रहित सम्झौता:**
बाहरी सलाहकार जिनका अपने पिछले नियोक्ता के साथ गोपनीयता-सह-गैर-प्रतिस्पर्धी समझौता से वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं

**10.0 सतर्कता/अनुशासनात्मक क्लीयरेंस:**
अभ्यर्थी सेवा निवृत्ति के समय सतर्कता / अनुशासनात्मक दृष्टि से बेदाग हो । ।

**11.0 आवेदन कैसे करें:**
11.1सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से

उप महाप्रबंधक(एच.आर.),

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड,

साइट-IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद,

गाजियाबाद-201010

को भेजे जाएं।

11.2 पूर्ण आवेदन प्रपत्र दिनांक 24.04.2026 से पहले पहुंच जाना चाहिए। ऐसे आवेदन जो अपूर्ण हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं, आवश्यक अनुलग्नकों के बिना है , उन्हे सरसारी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन पत्र वाले लिफाफे पर 'जीएडी कॉम्प्लेक्स के एनसीएस एसबीयु के सलाहकार पद के लिए आवेदन' स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए और इसे केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा ही भेजा जाना चाहिए।**

12.0 **प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज**: अभ्यर्थी आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें -

12.1 एसएससी/दसवीं के अंक का प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में)।

12.2 शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र (10/12/बी.ई./बी.टेक./एम.ई./एम.टेक./पीएचडी डिग्री प्रमाण-पत्र) की स्व-प्रमाणित प्रतियां।

12.3 अंक-पत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियां (10/12/बी. ई./बी. टेक./एम. ई./एम. टेक./पीएचडी डिग्री प्रमाण-पत्र)।

12.4 संबंधित नियोक्ताओं से अनुभव/सेवा प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रतियां।

12.5 नियोक्ता से सेवा-निवृत्ति/कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र।

12.6 अंतिम आहरित वेतन प्रमाणपत्र।

12.7 सेवारत अभ्यर्थियों के मामले में वर्तमान नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' ।

12.8 पुलिस सत्यापन के लिए वचन बद्दता आवेदक पद के लिए आवेदन करते समय अनिवार्य रूप से विधिवत हस्ताक्षरित प्रारूप की प्रति संलग्न करेंगे, प्रपत्र का प्रारूप बीईएल की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया है।

अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार से संबंधित सूचना ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी। इस प्रयोजन के लिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आगे के अनुदेशों के लिए हमारी वेबसाइट www.bel-india.in को नियमित रूप से देखें। अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अवैध/गलत ई-मेल आईडी या अन्य कारणों से भेजे गए किसी ई-मेल के बाउंस के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी।

13.0 **सामान्य नियम एवं शर्तें:**

13.1 केवल भारतीय नागरिक ही इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

13.2 अभियार्थी को परियोजना की आवश्यकता के उधर पर देश भर में यात्रा के लिए तयार रहना होगा । उन्हे कभी भी भारत के किसी भी स्थान पर तैनातकिया जा सकता है । इसलिए , पदो के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभियार्थिओ को परियोजना की आवश्यकता के आधार पर पूरे भारत मे कहीं भी स्थानातरित होने के लिए तयार रहना चाहिए ।

13.3 अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार से संबंधित सूचना ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी। इस प्रयोजन के लिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आगे के अनुदेशों के लिए हमारी वेबसाइट www.bel-india.in को नियमित रूप से देखें। अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अवैध/गलत ई-मेल आईडी या अन्य कारणों से भेजे गए किसी ई-मेल के बाउन्स होने पर बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी।

13.4 केवल योग्यता और अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने से अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना आवश्यक नहीं है । चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, किसी भी कारण से किसी भी अभ्यर्थी को अयोग्य ठहराने का अधिकार सुरक्षित रखती है और साथ ही आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई और सूचना जारी किए या कोई कारण बताए बिना भर्ती या चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/संशोधित या परिवर्तित करने का अधिकार बीईएल के पास है।

13.5अभ्यर्थियों की शार्ट लिस्टिंग आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा घोषित सूचना के आधार पर तैयार की जाएगी। यदि चयन के किसी भी चरण में, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने अपने प्रत्यय-पत्रों के संबंध में झूठी सूचना दी है, तो बीईएल चयन के किसी भी चरण में उन्हें विवर्जित करने का अधिकार रखती है।

बीईएल की एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित है। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क या धनराशि नहीं लेती है हम रोजगार चाहने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संचार से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी वाले कार्यों से होने वाले किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगी

बीईएल को ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ आपराधिक कार्रवाई करने का अधिकार है।

आवेदन और निर्धारित प्रारूप के लिए कृपया देखें- www.bel-india.in/career/Job अधिसूचना व संपर्क नंबर 0120-281-3561

आवेदन करने की अंतिम तिथि 24.04.2026 है -

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए ई-मेल: hrncsgad@bel.co.in करें या संपर्क नंबर: 0120-281-3561

अद्यतित जानकारियों हेतु आवेदक वेबसाइट www.bel-india.in देखें ।